(165)

पत्रांक-भवन/स्था0-1-विविध-969/2012.....12756(7)

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

सेवा में,

अनौपचारिक रूप से परामर्शित

महालेखाकार, बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना, दिनांक 12.9.13

द्वारा:- वित्त विभाग, बिहार, पटना।

विषय :- पटना स्थित महत्वपूर्ण सरकारी भवनों तथा राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में जलापूर्त्ति एवं स्वच्छताधिष्ठापन संबंधी कार्यो के सम्पादन हेतु लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कतिपय हस्तान्तरित कार्य अवर प्रमंडलों एवं अधीनस्थ पदों/पदधारकों का भवन निर्माण विभाग में समायोजन।

महाशय,

सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में पटना स्थित महत्वपूर्ण सरकारी भवनों तथा राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण संबंधी कार्यों (जलापूर्त्ति एवं स्वच्छताधिष्ठापन) सहित अनुरक्षण एवं मरम्मति का कार्य भवन निर्माण विभाग द्वारा कराया जाना है।

2. उक्त कार्यो के संचालन हेतु लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के आदेश सं0 60 सहपठित ज्ञापांक 453 दिनांक 22.05.2013 (यथा परिशिष्ट-1) के द्वारा सहायक अभिगन्ता (असैनिक) के पाँच (05) पद, कनीय अभियन्ता (असैनिक) के अठारह (18) पद तथा कनीय अभियन्ता (यांत्रिक) के तीन (03) पद सहित संबंधित कार्य अवर प्रमंडलों के अधीनस्थ श्रेणी-3 एवं 4 के सृजित पदों/पदधारकों की सेवाएँ भवन निर्माण विभाग को हस्तान्तरित की गई है। इन हस्तान्तरित पदों/पदधारकों का भवन निर्माण विभाग के अंतर्गत समायोजन की कार्रवाई विचाराधीन थी।

3. दिनांक 03.09.2013 को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में मद सं0 13 के रूप में सम्मिलित उक्त प्रस्ताव में दी गई स्वीकृति के आलोक में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा हस्तान्तरित कार्य अवर प्रमंडलों तथा उनके अधीनस्थ पदों/कार्यरत पदधारकों को भवन निर्माण विभाग के अंतर्गत संलग्न यथा परिशिष्ट-2 में अंकित अनुरूप भवन कार्य प्रमंडलों में समायोजित किया जाता है।

4. समायोजित पदों/पदधारकों के स्थापना व्यय का वहन विभागीय बजट "शीर्ष-2059-लोक निर्माण कार्य-80-सामान्य-001-निदेश और प्रशासन-0004-निष्पादन: विपत्र कोड- एन 2059800010004" के अंतर्गत किया जाएगा।

5. उपर्युक्त राशि की निकासी एवं व्ययन के लिए संबंधित भवन प्रमंडलों के कार्यपालक अभियन्ता निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे तथा राशि की निकासी संबंधित कोषागार से की जाएगी।

(164)

६. सभी समायोजित पदधारक संबद्ध भवन प्रमंडलों में अपना ... समर्पित करेंगे तथा संबंधित लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडलों द्वारा उक्त कर्मियों का ... अभिलेख एवं अन्य कागजात समायोजन हेतु निर्दिष्ट भवन प्रमंडलों को हस्तगत कर ... जाएगा।

अनुः- यथोक्त।

विश्वासभाजन,

10/9

(चंचल कुमार)

सरकार के सचिव

पत्रांक- 12756 (व) / पटना, दिनांक 12.9.13

प्रतिलिपिः- वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना एवं संबंधित सभी कोषागार पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10/9

सरकार के सचिव

पत्रांक- 12756 (म) / पटना, दिनांक 12.9.13

प्रतिलिपिः- मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी/मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग/संसदीय कार्य विभाग/सामान्य प्रशासन विभाग/माननीय मंत्री (भवन) के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव/अपर सचिव/उपसचिव/अवर सचिव/अभियन्ता प्रमुख, भवन निर्माण विभाग/सभी मुख्य अभियन्ता/निदेशक, अनुश्रवण/संबंधित सभी अधीक्षण अभियन्ता/संबंधित सभी कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग/बजट शाखा(मु0), भवन निर्माण विभाग/ लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल पटना पूर्व एवं पटना पश्चिम/लोक स्वास्थ्य यांत्रिक प्रमंडल, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल, भागलपुर पश्चिम तथा समायोजित सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनुलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10/9

सरकार के सचिव

पत्रांक- 12756 (म) / पटना, दिनांक 12.9.13

प्रतिलिपिः- प्रधान सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/अभियन्ता प्रमुख, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को अनुलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. कृपया इस राज्यादेश के आलोक में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा हस्तान्तरित पदों की समाप्ति के संबंध में अपने स्तर से भी आदेश निर्गत किया जाय जिससे पदों की स्थिति स्पष्ट हो सके।

10/9

सरकार के सचिव

परिशिष्ट–2

भवन निर्माण विभाग के अंतर्गत समायोजित लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अवर प्रमंडलों के अधीनस्थ पदों/पदधारकों की विवरणी:–

क्र. सं.	भवन प्रमंडल का नाम	समायोजित किये जाने वाले पद एवं पदधारक		
1	पटना भवन प्रमंडल, पटना	सहायक अभियंता–1 पद(चिकित्सालय अवर प्रमंडल, पटना पूर्व) से हस्तांतरित	कनीय अभियंता के 2 पद (असैनिक) पद(चिकित्सालय प्रशाखा, पटना) तथा कनीय अभियन्ता (यांत्रिक) का एक पद पटना पूर्व लो0स्वा0यां0 अवर प्रमं0, पटना पूर्व से हस्तांतरित	चिकित्सालय अवर प्रमंडल के अधीन कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थवर्गीय कर्मी (श्रमपुस्त सहित) के अतिरिक्त 10(दस) पंप चालक लोक स्वास्थ्य यांत्रिक प्रमंडल, पटना से हस्तांतरित/समायोजित
2	केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना	सहायक अभियंता–1 पद(लो.स्व.अ.प्र.सं. –2, भागलपुर प्रमंडल) से हस्तांतरित	कनीय अभियंता के 2 पद (असैनिक) (सचिवालय/राज भवन प्रशाखा से हस्तांतरित) तथा कनीय अभियन्ता (यांत्रिक) का एक पद पटना पूर्व लो0स्वा0यां0 अवर प्रमं0, पटना पूर्व से हस्तांतरित	सचिवालय/राज भवन प्रशाखा के अधीन कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थवर्गीय कर्मी के अतिरिक्त 10(दस) पंप चालक, 02(दो) फीटर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक प्रमंडल, पटना से हस्तांतरित/ समायोजित
3	पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना	सहायक अभियंता–1 पद (सचिवाल अवर प्रमंडल,पटना पश्चिम) से हस्तांतरित	कनीय अभियंता के 2 पद (असैनिक) (उच्च न्यायालय प्रशाखा से हस्तांतरित) तथा कनीय अभियन्ता (यांत्रिक) का एक पद पटना पूर्व लो0स्वा0यां0 अवर प्रमं0, पटना पूर्व से हस्तांतरित	उच्च न्यायालय प्रशाखा के अधीन कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थवर्गीय कर्मी के अतिरिक्त 10(दस) पंप चालक, 01(एक) इलेक्ट्रीशियन एवं 02(दो) फीटर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक प्रमंडल, पटना से हस्तांतरित/समायोजित
4	पटना सिटी भवन प्रमंडल, गुलजारबाग, पटना।	सहायक अभियंता–1 पद (विश्वविद्यालय अवर प्रमंडल, पटना पूर्व) से हस्तांतरित	कनीय अभियंता के 2 पद (असैनिक) (विश्वविद्यालय प्रशाखा से हस्तांतरित)	विश्वविद्यालय प्रशाखा के अधीन कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थवर्गीय कर्मी के अतिरिक्त 10(दस) पंप चालक लोक स्वास्थ्य यांत्रिक प्रमंडल, पटना से हस्तांतरित/समायोजित
5	पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर, पटना।	सहायक अभियंता–1 पद (राजवंशीनगर अवर प्रमंडल, पटना पश्चिम) से हस्तांतरित	कनीय अभियंता के 2 पद (असैनिक) (राजवंशीनगर/ पशु चिकित्सालय प्रशाखा से हस्तांतरित)	राजवंशीनगर/पशु चिकित्सालय प्रशाखा के अधीन कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थवर्गीय कर्मी के अतिरिक्त 10(दस) पंप चालक लोक स्वास्थ्य यांत्रिक प्रमंडल, पटना से हस्तांतरित/समायोजित
6	नालन्दा भवन प्रमंडल, बिहारशरीफ		कनीय अभियंता के 1 पद (असैनिक) (विधायक आवास प्रशाखा से हस्तांतरित)	विधायक आवास प्रशाखा के अधीन कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थवर्गीय कर्मी के अतिरिक्त 7(सात) पंप चालक लोक स्वास्थ्य यांत्रिक प्रमंडल, पटना से हस्तांतरित/समायोजित

7	भवन प्रमंडल, आरा		कनीय अभियंता के 1 पद (असैनिक) (विधान सभा प्रशाखा से हस्तांतरित)	विधान सभा प्रशाखा के अधीन कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थवर्गीय कर्मी के अतिरिक्त 7(सात) पंप चालक लोक स्वास्थ्य यांत्रिक प्रमंडल, पटना से हस्तांतरित/समायोजित
8	भवन प्रमंडल, मुंगेर		कनीय अभियंता के 1 पद (असैनिक) (लो०स्वा०अभि०प्रम०-2, भागलपुर से हस्तांतरित)	भागलपुर पश्चिम के अधीन प्रशाखा-1 में कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थवर्गीय कर्मी के अतिरिक्त 7(सात) पंप चालक लोक स्वास्थ्य यांत्रिक प्रमंडल, पटना से हस्तांतरित/समायोजित
9	भवन प्रमंडल, भागलपुर		कनीय अभियंता के 1 पद (असैनिक) (लो०स्वा०अभि०प्रमं०-2, भागलपुर से हस्तांतरित)	भागलपुर पश्चिम के अधीन प्रशाखा-2 में कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थवर्गीय कर्मी के अतिरिक्त 16(सोलह) पंप चालक लोक स्वास्थ्य यांत्रिक प्रमंडल, पटना से हस्तांतरित/समायोजित
10	भवन प्रमंडल, मुजफ्फरपुर		कनीय अभियंता के 1 पद (असैनिक) (शास्त्रीनगर प्रशाखा, पटना पश्चिम से हस्तांतरित)	पटना पश्चिम के अधीन शास्त्रीनगर प्रशाखा में कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थवर्गीय कर्मी के अतिरिक्त 7(सात) पंप चालक लोक स्वास्थ्य यांत्रिक प्रमंडल, पटना से हस्तांतरित/समायोजित
11	भवन प्रमंडल, दरभंगा		कनीय अभियंता के 1 पद (असैनिक) (पुलिस लाईन प्रशाखा, पटना पश्चिम से हस्तांतरित)	पटना पश्चिम के अधीन पुलिस लाईन प्रशाखा में कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थवर्गीय कर्मी के अतिरिक्त 7(सात) पंप चालक लोक स्वास्थ्य यांत्रिक प्रमंडल, पटना से हस्तांतरित/समायोजित
12	भवन प्रमंडल, गया		कनीय अभियंता के 1 पद (असैनिक) (ऑफिसर्स फ्लैट प्रशाखा, पटना पश्चिम से हस्तांतरित)	पटना पश्चिम के अधीन ऑफिसर्स फ्लैट प्रशाखा में कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थवर्गीय कर्मी के अतिरिक्त 7(सात) पंप चालक लोक स्वास्थ्य यांत्रिक प्रमंडल, पटना से हस्तांतरित/समायोजित
13	भवन प्रमंडल, पूर्णियां		कनीय अभियंता के 1 पद (असैनिक) (अवर प्रमंडल सं0-3, प्रशाखा भागलपुर पश्चिम से हस्तांतरित)	अवर प्रमंडल सं0-3, प्रशाखा भागलपुर पश्चिम में कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थवर्गीय कर्मी के अतिरिक्त 7(सात) पंप चालक लोक स्वास्थ्य यांत्रिक प्रमंडल, पटना से हस्तांतरित/समायोजित

10/9/13

सरकार के सचिव

भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना

पारिशिष्ट - 1

(161)

बिहार सरकार
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

आदेश 60

मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग की अधिसूचना संख्या–मं0मं01/आर0–02/07 –602, दिनांक–20.03.2007 से संसूचित निर्णय के आलोक में सरकारी भवनों में जलापूर्ति एवं स्वच्छताधिष्ठापन तथा उसके रख–रखाव का कार्य भवन निर्माण विभाग द्वारा किया जाना है।

2. सरकारी भवनों में जलापूर्ति एवं स्वच्छताधिष्ठापन संबंधी कार्य कराने के लिए इस विभाग के अंतर्गत स्वतंत्र रूप से कोई कार्य प्रमंडल सृजित नहीं है। पटना में अवस्थित सरकारी भवनों की जलापूर्ति एवं स्वच्छताधिष्ठापन कार्यों के रख–रखाव एवं संधारण हेतु लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना पश्चिम अंतर्गत अवर प्रमंडल, सचिवालय; अवर प्रमंडल, राजवंशीनगर एवं अवर प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना (जो पूर्व से ही भवन निर्माण विभाग के प्रशासी नियंत्रण में है) तथा उनके अधीनस्थ क्रमशः छः, तीन एवं दो प्रशाखायें तथा लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना पूर्व के अधीन अवर प्रमंडल चिकित्सालय एवं अवर प्रमंडल विश्वविद्यालय (आंशिक) एवं उनके अधीनस्थ क्रमशः दो–दो प्रशाखायें तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिक प्रमंडल, पटना के अधीन अवर प्रमंडल यांत्रिक, पटना पूर्व (आंशिक) तथा अवर प्रमंडल यांत्रिक, पटना पश्चिम (आंशिक) के अधीन क्रमशः एक तथा दो प्रशाखायें कार्यरत हैं। पटना के बाहर के क्षेत्रों में सरकारी भवनों में पेयजलापूर्ति एवं स्वच्छताधिष्ठापन से संबंधित रख–रखाव एवं संधारण हेतु मात्र लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, भागलपुर पश्चिम के अधीन अवर प्रमंडल संख्या–2 एवं उसके अधीनस्थ तीन प्रशाखायें कार्यरत हैं।

3. उक्त वर्णित स्थिति में सहायक अभियंता (असैनिक) के 5 पद, कनीय अभियंता (असैनिक) के 18 पद तथा कनीय अभियंता (यांत्रिक) के 3 पद भवन निर्माण विभाग को हस्तांतरित किये जाते हैं।

4. इसके अलावा उक्त अवर प्रमंडलों/प्रशाखाओं के अधीन कार्यरत सभी तकनीकी कर्मियों (नियमित स्थापना के अंतर्गत) के सृजित पदों को भवन निर्माण विभाग को हस्तांतरित किया जाता है। साथ ही, उक्त नियमित तकनीकी कर्मियों एवं कार्यभारित स्थापना में कार्यरत तकनीकी कर्मियों (सूची संलग्न) की सेवा सरकारी भवनों में पेयजलापूर्ति एवं स्वच्छताधिष्ठापन संबंधी कार्य कराने के लिए भवन निर्माण विभाग को सौंपी जाती है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह0/–
(रवीन्द्र पवार)
प्रधान सचिव

Scanned with OKEN Scanner

ज्ञापांक–3/वि0–1–103/12- 453 पटना, दिनांक– 22/5/17

प्रतिलिपि–सचिव, भवन निर्माण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुलग्नक:- यथोपरि।

(रबीन्द्र पवांर)
प्रधान सचिव



Scanned with OKEN Scanner

भवन निर्माण विभाग

.....

भवन निर्माण विभाग के संलेख ज्ञापांक–11910 दिनांक–27.08.2013 में सन्निहित प्रस्ताव मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक–03.09.2013 में मद संख्या–13 के रूप में सम्मिलित किया गया। बैठक की कार्यवाही के अवतरण के साथ आपकी संचिका लौटायी जाती है।

13.	भवन निर्माण विभाग में जलापूर्ति एवं स्वच्छता अधिष्ठापन के कार्य जो पूर्व में लोक स्वास्थ्य अभियत्रण विभाग द्वारा कराए जाते थे, को भवन निर्माण विभाग के स्तर से कराने हेतु लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमडलों के कुछ कार्य अवर प्रमंडलों एवं अधीनस्थ पदों का भवन निर्माण विभाग में स्थानान्तरण/समायोजन की स्वीकृति।	13. स्वीकृत।

(विनोद कुमार झा)
सरकार के संयुक्त सचिव
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग
2/09/13

अपर सचिव
भ० नि० वि०
स०प्र०सं० 3882/08
नांक 05/09/13